प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

''मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– देश के खाद्य क्षेत्र में नवाचार स्थिरता व सुरक्षा के वैश्विक मानक स्थापित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– लुहरी, धौलासिद्ध और सुन्नी विद्युत परियोजनाओं को अपने अधीन लेने के लिए उच्च न्यायालय में पुनरीक्षण याचिका दायर करेगी सरकार।
- कृषि अनुसंधान और तकनीक पर कृषि चौपाल नाम से रेडियो व टीवी कार्यक्रम शुरू करेगी केंद्र सरकार।
- प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी रणधीर शर्मा ने राज्य की आर्थिक स्थिति बिगड़ने के लिए कांग्रेस सरकार के कुप्रबंधन भ्रष्टाचार व फिजूलखर्ची को ठहराया जिम्मेदार।

वर्ल्ड फूड इंडिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार देश के खाद्य क्षेत्र में नवाचार, स्थिरता और सुरक्षा के वैश्विक मानक स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। आज नई दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 प्रदर्शनी के अवसर पर एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में एक जीवंत व विविध खाद्य संस्कृति है और किसान देश के खाद्य पारिस्थितिकी तंत्र की रीढ़ हैं। सरकार किसानों की मदद के लिए नई नीतियां लेकर आ रही है। कृषि क्षेत्र के लिए आधुनिक पद्धतियों, सशक्त प्रशासनिक तंत्र और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के महत्व पर बल देते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में व्यापक सुधार शुरू किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार छोटे उद्यमों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है ताकि वे वैश्विक मूल्य श्रृंखला का अभिन्न अंग बन सकें। उन्होंने कहा कि सरकार देश में रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचे और श्रृंखलाओं का एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बना रही है। प्रधानमंत्री ने वर्ल्ड फूड इंडिया–2024 में कई देशों की भागीदारी पर कहा कि यह दुनिया के साथ काम करने का एक आदर्श मंच है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार किसी भी कीमत पर हिमाचल के अधिकारों के साथ समझौता नहीं करेगी। वे आज शिमला में प्रदेश उच्च न्यायालय बार ऐसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार 2 सौ 10 मेगावाट लूहरी जल विद्युत परियोजना चरण–एक, 66 मेगावाट धौलासिद्ध विद्युत परियोजना और 3 सौ 82 मेगावाट सुन्नी विद्युत परियोजनाओं को अपने अधीन लेने के लिए उच्च न्यायालय में पुनरीक्षण याचिका दायर करेगी। उन्होंने कहा कि अगर परियोजना निष्पादित करने वाली कम्पनियां सरकार की शर्तों को स्वीकार नहीं करती हैं तो इन परियोजनाओं का राज्य सरकार अधिग्रहण करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हालांकि राज्य में हाल के वर्षों में निवेश में कमी आई है, लेकिन राज्य सरकार हिमाचल के अधिकारों की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार वरिष्ठ अधिवक्ताओं के लिए कल्याणकारी योजना शुरू करने पर विचार कर रही है। उन्होंने लोकतंत्र में न्यायपालिका की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया और न्यायपालिका व राज्य सरकार के बीच निरंतर सहयोग की आशा व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लगाए गए रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले अधिवक्ताओं और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विजेता रहे अधिवक्ताओं को सम्मानित किया।

विमोचन

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज राजभवन शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल और मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी व विधायक कमलेश ठाकुर भी मौजूद रहीं।

चंद्रकुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्रकुमार ने कहा है कि कांगड़ा जिले में ज्वाली शहर में करीब 16 करोड़ रूपए की लागत से शहरी जलापूर्ति योजना के तहत चार ट्यूबवैल, 6 जल भण्डारण टैंक और घरों तक वितरण लाइन

बिछाने के साथ नल लगाए जा रहे हैं। ज्वाली के शहरी क्षेत्र में आज तीन शीतल पेयजल आउटलेट के उद्घाटन अवसर पर उन्होंने कहा कि शहरी जलापूर्ति योजना के तहत घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाया जा रहा है। चंद्रकुमार ने कहा कि ज्वाली नगर को साफ–सुथरा रखने के लिए मल निकासी परियोजना पर करीब 20 करोड़ रूपए की राशि खर्च की जाएगी। इसके अलावा नगरोटा सूरियां में 37 करोड़, जबकि कोटला कस्बे में 24 करोड़ रूपए की लागत से मल निकासी परियोजना बनाई जाएगी।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश का समग्र विकास सुनिश्चित बनाने के लिए राज्य सरकार अनेक नई योजनाएं शुरू कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को घरद्वार के समीप गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है और शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। रोहित ठाकुर ने कल शाम अर्की उपमंडल के ऐतिहासिक राज्यस्तरीय सायर उत्सव की अंतिम सांस्कृतिक संध्या के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि मेले व त्यौहार हिमाचल प्रदेश की समृद्ध संस्कृति के परिचायक हैं और इन्हें संजोए रखना हम सभी का दायित्व है। इस दौरान रोहित ठाकुर ने राज्यस्तरीय सायर उत्सव की स्मारिका का विमोचन भी किया।

कार्यकाल सौ दिन

केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में आयोजित एक सम्मेलन में सहकारिता मंत्रालय के सौ दिनों में की गई परिवर्तनकारी पहलों की श्रृंखला का उद्घाटन किया। उन्होंने सहकार–से–समृद्धि विषय के अन्तर्गत मंत्रालय के सौ दिन पहल की शुरुआत की। अमित शाह ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय स्थापित करने की लंबे समय से मांग थी, जिसे एन.डी.ए. सरकार ने पूरा किया। उन्होंने कहा कि मंत्रालय के गठन का उद्देश्य सभी गांवों और जिलों में सहकारी क्षेत्र को पुनर्जीवित करना था। अमित शाह ने कहा कि सरकार सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति दे रही है। इस बीच केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार कृषि अनुसंधान और तकनीक पर अगले महीने से कृषि चौपाल नाम से रेडियो और टीवी कार्यक्रम शुरू करेगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को नवीनतम कृषि अनुसंधान और तकनीक की जानकारी उपलब्ध कराना है। कृषि मंत्री ने आज नई दिल्ली में कृषि मंत्रालय की 100 दिन की उपलब्धियां बताते हुए इस कार्यक्रम की घोषणा की।

रणधीर शर्मा

प्रदेश भाजपा मीडिया विभाग के प्रभारी व विधायक रणधीर शर्मा ने प्रदेश की आर्थिक स्थिति बिगड़ने के लिए वर्तमान कांग्रेस सरकार के कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार व फिजूलखर्ची को जिम्मेदार ठहराया है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अपनी कमियों पर पर्दा डालने के लिए केंद्र पर दोष मढ़ रही है। रणधीर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री केंद्र सरकार पर भेदभाव का आरोप लगा रहे हैं जो पूरी तरह निराधार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मस्जिद के अवैध निर्माण को लेकर जन आंदोलन चल रहे हैं, लेकिन सरकार इस संवेदनशील मुद्दे को लेकर गंभीर नहीं है। रणधीर शर्मा ने कहा कि भाजपा एक राष्ट्र एक चुनाव का स्वागत करती है और इस पर व्यापक चर्चा होनी चाहिए।

कुलदीप राठौर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता व विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर भाजपा की अलगाववादी ब्यानबाजी पर चिंता व्यक्त करते हुए उनकी एसपीजी सुरक्षा बहाल करने की केंद्र से मांग की है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि कुछ भाजपा नेता अपने राजनीतिक लाभ के लिए राहुल गांधी पर अपमानजनक टिप्पणी कर रहे हैं। कुलदीप राठौर ने कहा कि भाजपा नेताओं की अपमानजनक व हिंसक ब्यानबाजी का संज्ञान लेते हुए केंद्र सरकार को दोषी नेताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

मिशन पॉलीब्रिक

शिमला ज़िला के चौपाल विकास खंड में मिशन पॉलीब्रिक के तहत 11 सप्ताह के भीतर 55 क्विंटल प्लास्टिक के कूड़े को एकत्रित किया जाएगा। खंड विकास अधिकारी विनीत ठाकुर ने ये जानकारी देते हुए बताया कि चौपाल

में इन पॉलीब्रिक का प्रयोग चंडीगढ़ स्थित रॉक–गार्डन की तर्ज पर एक प्लास्टिक मॉडल गार्डन विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये मॉडल न केवल स्थायित्व को प्रोत्साहित करेगा बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक कचरे से निजात पाने का स्थायी समाधान भी प्रस्तुत करेगा। विनीत ठाकुर ने बताया कि मिशन पॉलीब्रिक का उद्देश्य प्लास्टिक कचरे के निपटारे के लिए रचनात्मक समाधान खोजना और ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक प्रदूषण को कम करना है।

शास्त्रीय नृत्य

कथक नृत्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिमला कला संगम द्वारा भाषा कला व संस्कृति विभाग के सहयोग से 21 सितंबर को शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में शास्त्रीय नृत्य संध्या का आयोजन किया जाएगा। कला संगम अकादमी शिमला की अध्यक्ष पूनम शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना और कलात्मक अभिव्यक्ति एक मंच प्रदान कर शास्त्रीय नृत्य की विधाओं को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इस दौरान करीब 60 से 70 विद्यार्थी कथक नृत्य की अद्भुद प्रस्तुतियां देंगे।

फूल्याच पर्व

जनजातीय जिला किन्नौर में इन दिनों फूल्याच उत्सव की धूम है। जिले के हर गांव में फूल्याच उत्सव मनाया जाता है और इसी कड़ी में इन दिनों ठंगी गांव में ये उत्सव मनाया जा रहा है। इस दौरान इष्ट देवता द्वारा नामित व्यक्ति घाटी से फूल चुनते हैं और विधावत पूजा–अर्चना करते हैं। उत्सव के दौरान संगीत, नृत्य व अन्य मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन भी किया जाता है और स्थानीय लोग पारंपरिक वेशभूषा में इष्ट देव के परांगण में एकत्रित होते हैं।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– देश के खाद्य क्षेत्र में नवाचार स्थिरता व सुरक्षा के वैश्विक मानक स्थापित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– लुहरी, धौलासिद्ध और सुन्नी विद्युत परियोजनाओं को अपने अधीन लेने के लिए उच्च न्यायालय में पुनरीक्षण याचिका दायर करेगी सरकार।
- कृषि अनुसंधान और तकनीक पर कृषि चौपाल नाम से रेडियो व टीवी कार्यक्रम शुरू करेगी केंद्र सरकार।
- प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी रणधीर शर्मा ने राज्य की आर्थिक स्थिति बिगड़ने के लिए कांग्रेस सरकार के कुप्रबंधन भ्रष्टाचार व फिजूलखर्ची को ठहराया जिम्मेदार।